<u>अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफ.ए.क्यू.)</u>

- **सी.एस.(एम.ए.) नियम के अंतर्गत कौन आते हैं ?**

ये नियम (i) रेलवे सेवा और (ii) कलकत्ता में तैनात या वहाँ से गुज़रने वाले अराजपत्रित रैंक के कर्मचारियों, जिनकी सेवा शर्तें या केन्द्रीय सरकार द्वारा बनाए गए या मांग द्वारा निर्धारित हों, जब वे ड्यूटी पर, छुट्टी पर या भारत में विदेश सेवा पर या निलंबन के तहत हों, के अलावा अन्य सभी सरकारी कर्मचारियों पर लागू होंगे।

- **ए.एम.ए. कौन होता है?**

प्राधिकृत चिकित्सा परिचर (ए.एम.ए.) केन्द्र सरकार का चिकित्सा अधिकारी होता है या अपने कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए मंत्रालय / विभाग द्वारा नामित प्राइवेट मेडिकल प्रेक्टिशनर होता है।

- **आपात स्थिति के तहत निजी अस्पताल में लिए गए उपचार के मामले में प्रतिपूर्ति कैसे की जाती है?**

सी.एस. (एम.ए.) लाभार्थियों को आपात स्थिति में निजी अस्पताल में कराए गए उपचार की प्रतिपूर्ति सीजीएचएस में कवर शहर के मामले में निकटतम सीजीएचएस के अंतर्गत कवर शहर पर लागू गैर-एन.ए.बी.एच. दरों तथा गैर-सीजीएचएस शहर के मामले में सीजीएचएस में शामिल किसी निकटतम शहर में लागू गैर-एम.ए.वी.एच. दरों, जैसी स्थिति हो, या वास्तविक व्यय, जो भी कम हो, के अनुसार की जा रही है।

- **ऐसे कौन से अस्पताल हैं जिसमें सी.एस. (एम.ए.) लाभार्थी सामान्य परिस्थितियों में उपचार के लिए अधिकृत हैं?**

सी.एस. (एम.ए.) लाभार्थी और उनके परिवार के आश्रित सदस्य सीजीएचएस / सी.एस.(एम.ए.) नियमों के अंतर्गत प्रावधानों के अनुसार केन्द्र सरकार के अस्पतालों / राज्य सरकार के अस्पतालों / निजी अस्पतालों से उपचार प्राप्त कर सकते हैं।

- **क्या केंद्रीय सरकार का कोई कर्मचारी विदेश में लिए गए उपचार पर प्रतिपूर्ति प्राप्त कर सकता है?**

कर्मचारी के मंत्रालय / विभाग के माध्यम से निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्राप्त होने पर सी.एस. (एम.ए.) नियम, 1944 के तहत विदेश में उपचार कराने पर विचार किया जाता है। हालांकि, अनुमोदन इन नियमों के अधीन गठित स्थायी समिति की राय पर निर्भर करता है।